Title: Need to set up a Mango Research Centre in Shahabad fruit belt, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : सभापति महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र शाहबाद तथा 93 गांवों को 1997 में फल पट्टी घोाति किया गया परन्तु अब तक राज्य सरकार ने किसानों को फल पट्टी की कोई सुविधा नहीं दी। यहां तक कि जितनी बिजली अन्य फल पट्टियों को मिलती है शाहबाद फल पट्टी को वह भी नहीं मिल रही है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि शाहबाद फल पट्टी में मेंगो रिसर्च सेंटर तथा संबंधित अनुसंधान केन्द्र खुलवाने का शीघ्र प्रबंध करे एवं राज्य सरकार को निदेशित किया जाए कि इस क्षेत्र में बिजली कटौती कम की जाए।